# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
## वैशाली भवन प्रमंडल, हाजीपुर।

Email-ee.hajipur1.bcd@gmail.c

पत्रांक..934.......    दिनांक 28/4........./2025

प्रेषक,

ई० रंजीत कुमार
कार्यपालक अभियंता,
वैशाली भवन प्रमंडल,
हाजीपुर।

सेवा में,

M/S Om Sai Construction
Ward No.-12
Dharmshala Road, Jogbani, Araria

विषय :- औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हाजीपुर में 100 शैय्या वाले छात्रावास का निर्माण कार्य को अनावश्यक रूप से लंबित रखने के कारण डिबार करने के संबंध में।

प्रसंग :- एकरारनामा संख्या-01 SBD of Year 2023-24, इस कार्यालय का पत्रांक-106 दिनांक-11.01.2024, पत्रांक-1628 दिनांक-05.08.2024, पत्रांक-2684 दिनांक-03.12.2024, पत्रांक-393 दिनांक-20.02.2025 एवं पत्रांक-615 दिनांक-12.03.2025

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि विषयांकित प्रस्तावित भवन निर्माण हेतु प्रसंगाधीन पत्र द्वारा आपको कायदिश निर्गत किया गया है। इस कार्यालय का पत्रांक-106 दिनांक-11.01.2024, पत्रांक-1628 दिनांक-05.08.2024, पत्रांक-2684 दिनांक-03.12.2024, पत्रांक-393 दिनांक-20.02.2025 एवं पत्रांक-615 दिनांक-12.03.2025 द्वारा कार्य की गति बढ़ाने हेतु चेतावनी के बावजूद आपके द्वारा उक्त कार्य को ससमय पूर्ण करने में कोई सार्थक रूची नही ली जा रही है, जो कि काफी खेदजनक एवं रोष का विषय है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्माण स्थल के निरीक्षण के क्रम में आपको कार्य में तीव्रता/पूर्ण करने का निर्देश दिया गया एवं बार-बार स्मारित भी किया गया तथा आपके द्वारा आश्वासन भी दिया गया लेकिन आपके द्वारा कार्य को अनावश्यक रूप से मनमाने ढ़ंग से कार्य को धीमा रखा गया तथा आदिनांक तक निर्माण कार्य पूर्ण नही किया गया जो आपके अड़ियल एवं उदासीन रवैये को दर्शाता है।

अतः आपके द्वारा उक्त योजना के निर्माण कार्य ससमय पूर्ण नही करने एवं समय के अनुपात में निर्माण की प्रगति धीमी किये जाने के कारण उक्त कार्य की समाप्ति तक आपको अगले निविदा में भाग लेने से डिबार किया जाता है। साथ ही आपको निर्देशित किया जाता है कि कार्य को 15.05.2025 तक पूर्ण कर अधोहस्ताक्षरी को सूचित करना सुनिश्चित करें अन्यथा बाध्य होकर आपके एकरारनामा को विखंडित कर दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी।

विश्वासभाजन
28/04/2025
(ई० रंजीत कुमार)
कार्यपालक अभियंता,
वैशाली भवन प्रमंडल, हाजीपुर।

29-04-2025